भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1047
गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)

राष्ट्रीय रोजगार नीति

1047. श्री अयोध्या रामी रेड्डी आलाः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार एक राष्ट्रीय रोजगार नीति लाने की योजना बना रही है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) ऐसी किसी नीति को लागू करने की समय-सीमा क्या है और ऐसी नीति रोजगार अवसरों में वृद्धि का मार्ग किस प्रकार प्रशस्त करेगी?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(**क**) एवं (ख): वर्तमान में राष्ट्रीय रोजगार नीति का मसौदा बनाने हेतु कोई समिति नहीं है। देश में रोजगार एवं बेरोजगारी परिदृश्य के विभिन्न पहलुओं के अध्ययन हेतु, सरकार ने तीन सर्वेक्षण प्रारंभ किए हैं यथा (i) अखिल-भारतीय संस्थान आधारित त्रैमासिक रोजगार सर्वेक्षण (एक्यूईईएस); (ii) प्रवासी कामगारों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण; तथा (iii) घरेलू कामगारों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण। ये सर्वेक्षण संगठित एवं असंगठित दोनों क्षेत्रों को शामिल करेंगे।

*****